कार्य परिशद् का गठन	25.	(1) कार्य परिशद में निम्नलिखित सदस्य होंगे; अर्थात् :– (क) कुलपति, जो उसका अध्यक्ष होगा ; (ख) उच्च षिक्षा विभाग का प्रमुख सचिव/सचिव अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य, जो अपर सचिव स्तर से अनिम्न न हो ; (ग) संकायाध्यक्ष, विहित विधि से चक्रानुक्रम में; (घ) उपरोक्त खण्ड (ग) में निर्दिश्ट संकायाध्यक्ष से भिन्न एक आचार्य, एक उपाचार्य और विश्वविद्यालय सम्बद्ध/स्वायत्त/संस्थानों का एक प्रवक्ता, जिन्हें विहित रीति से चयन किया हो; (ड़) तीन प्राचार्य (एक स्वः वित्त पोशित संस्थाओं से) और सम्बद्ध महाविद्यालयों से दो अध्यापक, जिन्हें विहित रीति से चयन किया जाये; (च) कुलाधिपति द्वारा नाम निर्दिश्ट शिक्षा क्षेत्र में प्रतिश्ठित चार व्यक्ति : परन्तु उक्त चारों में से एक उच्चतम न्यायालय/उच्च न्यायालय में सेवारत अथवा सेवानिवृत्त न्यायाधीश होगा। (छ) राज्य सरकार द्वारा नाम निर्दिश्ट निगमित क्षेत्र से एक व्यक्तिए जिसने राज्य में उच्च षिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान किया हो; (ज) कोर्ट (विष्वविद्यालय की सभा) द्वारा निर्वाचित चार व्यक्ति। (2) (एक) उपधारा (1) के खण्ड–(ग), (घ) तथा खण्ड (ङ) में उल्लिखित सदस्यों का कार्यकाल एक वर्श होगाय (दो) उपधारा (1) के खण्ड (च), (छ), (ज) में उल्लिखित सदस्यों का कार्यकाल दो वर्श होगा। (तीन) उपधारा (1) के खण्ड (झ) में उल्लिखित सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्श होगा। (3) उपधारा (1) के खण्ड (च), (छ) तथा (ज) के अधीन कोई भी सदस्य निरन्तर दो कार्यकालों से अधिक के लिए कार्यपरिषद् का सदस्य नहीं हो सकेगा। (4) कोई भी व्यक्ति कार्य परिशद के लिए नाम निर्दिश्ट किए जाने और उसका सदस्य होने के लिए अनर्ह हो जाएगा, यदि वह या उसका कोई सम्बन्धी विष्वविद्यालय और इसके किसी सम्बद्ध महाविद्यालय एवं संस्थान अथवा स्ववित्त पोशित संस्थान में या इनके किसी कार्य के संबंध में कोई वेतन या पारिश्रमिक प्राप्त करता है अथवा विष्वविद्यालय तथा इसके किसी सम्बद्ध महाविद्यालयों या संस्थानों, स्ववित्त पोशित संस्थानों अथवा सहायतित के लिए या इनके किसी कार्य के निश्पादन हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु कोई संविदा करता है। स्पश्टीकरण– इस धारा के अंतर्गत 'सम्बन्धी' से कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 6 में परिभाशित 'सम्बन्धी' अभिप्रेत है, जिसमें पत्नी या पति का भाई, पत्नी या पति का पिता, पत्नी या पति की बहन, भाई का पुत्र और भाई की पुत्री का भी सम्मिलित है।

कार्य परिशद की षक्तियाँ एवं कर्तव्य	26.	(1) कार्य परिशद्, विष्वविद्यालय की प्रमुख कार्यकारी निकाय होगी और इस अधिनियम के प्राविधानों के अधीन रहते हुये उसकी निम्नलिखित षक्तियाँ होगी; अर्थात् :– (क) विष्वविद्यालय की सम्पत्ति और निधियों को धारण करना एवं उन पर नियंत्रण रखना ; (ख) राज्य सरकार के अनुमोदन से, विष्वविद्यालय की ओर से कोई चल या अचल सम्पत्ति अर्जन करना या अन्तरित करना; (ग) परिनियमों एवं अध्यादेषों को बनाना, संषोधित अथवा निरसित करना; (घ) विशिष्ट परियोजनों के लिए विष्वविद्यालय के व्ययनाधिकार में रखी किसी निधि का प्रशासन करना; (ड) विष्वविद्यालय के आय–व्ययक पर विचार करना और संषोधन सहित या बिना संषोधन के उसका अनुमोदन करना; (च) षिक्षा परिशद के विनिष्चयों का संषोधन या बिना संषोधनों के कार्यान्वयन करना; (छ) विष्वविद्यालय के अधिकारियों/शिक्षकों और कर्मचारियों के कर्तव्यों और सेवा षर्तों को परिभाशित करना तथा राज्य सरकार के अनुमोदन हेतु अस्थायी, आकस्मिक रिक्तियों को भरने के लिए दिशा निर्देश जारी करना; (ज) विभिन्न निकायों के वाह्य सदस्यों और चयन समितियों के विषेशज्ञों के लिए परिलब्धियाँ और बैठक प्रभार नियत करना ; (झ) सम्बद्ध महाविद्यालयों, स्ववित्त पोशित संस्थाओं, सहयुक्त अथवा संघटक महाविद्यालयों और छात्रों के अन्य निवास स्थानों के निरीक्षण की व्यवस्था करना और निर्देष देना ; (ञ) विष्वविद्यालय की सामान्य मुद्रा के स्वरूप और उपयोग करने सम्बन्धी निर्देश देना; (ट) परिनियमों और अध्यादेषों के अनुसारए विष्वविद्यालय के अध्यापकोंए प्रषासनिक और अन्य कर्मचारियों में अनुशासन का विनियमन एवं कार्यान्वयन करना ; (ठ) विष्वविद्यालय के वित्त, लेखे, निवेषों, सम्पत्ति कारोबार और समस्त अन्य प्रषासनिक कार्यकलापों के प्रबन्धन और विनियमन के सिद्धांत निर्धारित करना और इस प्रयोजन हेतु ऐसे अभिकर्ताओं (एजेन्टों) की नियुक्ति करना, जैसा वह उचित समझे; (ड) वित्त समिति या वित्त अधिकारी या वित्त परामर्षी के अनुमोदन के पष्चात विष्वविद्यालय की बचतों को ऐसे स्टाक, निधियों, षेयर या प्रतिभूतियों में निवेश करना या जिन स्थानों में विष्वविद्यालय स्थित हैं वहां राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के अधीन अचल सम्पत्ति का क्रय करना, जैसा वह समय–समय पर उचित समझे ; (ढ) विष्वविद्यालय के लिए भवन, परिसर, फर्नीचर और उपकरण तथा अन्य साधन उपलब्ध कराना, जो उसके कार्य संचालन के लिए आवष्यक हो; (ण) विष्वविद्यालय की ओर से संविदाएं करना, उनमें परिवर्तन करना, उनका कार्यान्वयन तथा निरसन करना, जैसा कि विहित किया जाए; (त) शिक्षकों के पदों पर धारणाधिकार दिए जाने हेतु उनके द्वारा मांगे गये असाधारण अवकाष पर विचार और स्वीकृत करना ; (थ) मानद उपाधि संस्थित करने के प्रस्तावों को अनुमोदित करना; (द) परिनियम व अध्यादेषों के अनुसार छात्रवृत्ति, अधिछात्रवृत्ति, छात्रवृत्ति विषेश, पदक या अन्य पुरस्कार संस्थित करना ; (ध) विष्वविद्यालय एवं उसके संस्थान, संघटक महाविद्यालयों, सम्बद्ध महाविद्यालयों, संयुक्त महाविद्यालयों, स्वायत्तता प्राप्त महाविद्यालयों एवं स्ववित्त संस्थानों का, इस अधिनियम, परिनियमों एवं अध्यादेषों के अनुसार, विनियमन और अन्य मामलों का

निर्धारण करना।

(2) राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना कार्यपरिशद्, विष्वविद्यालय की किसी स्थावर सम्पत्ति को (सिवाय साधारण प्रबन्ध के अनुक्रम के मासानुमास किराये पर देने के) बंधक, विक्रय, विनिमय, दान या अन्यथा किसी रूप में हस्तांतरण नहीं करेगी, सिवाय राज्य सरकार से विष्वविद्यालय के लिए कोई अनुदान प्राप्त होने की षर्त के रूप में। राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी के बिना किसी अन्य व्यक्ति अथवा से संस्था कार्य परिशद उसकी प्रतिभूति पर कोई धन उधार या अग्रिम नहीं लेगी।

(3) राज्य सरकार का पूर्वानुमोदन प्राप्त किये बिना कोई ऐसा व्यय उपगत नहीं किया जायेगा, जिसके संबंध में इस अधिनियम या परिनियमों अथवा अध्यादेषों द्वारा ऐसा अनुमोदन अपेक्षित हो और राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना कोई भी पद विष्वविद्यालय या विष्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित किसी भी संस्थान अथवा संघटक महाविद्यालय में सृजित नही किया जायेगा :

परन्तु यह कि कार्यपरिशद कुलपति की संस्तुति से, विष्वविद्यालय के स्ववित्त पोशित विभागों तथा उद्यमों में षिक्षकों के अन्य पदों को सृजित कर सकेगी तथा ऐसे पदों पर नियुक्ति प्रदान करने या जिन पदों की संविदा व सेवा षर्तें राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित हो, पर नियुक्ति करने के लिए अधिकृत होगी :

परन्तु यह कि कार्य परिशद् द्वारा इस विशय में लिए गये किसी निर्णय की सूचना तत्काल राज्य सरकार को प्रेशित की जायेगी, जिसे ऐसा आदेश निरस्त करने का अधिकार होगा, यदि राज्य सरकार यह समझे कि ऐसे निर्णय से वित्तीय व अन्य षर्तें उस पर अधिरोपित हो सकती है, जिनको वह स्वीकार करने में सहमत नहीं है।

(4) कार्यपरिशद्, राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन से, विष्वविद्यालय में निर्धारित संख्या से अधिक षिक्षक के पदों का इस दृश्टि से सृजन कर सकती है, जिससे ऐसे षिक्षक की, जो तत्समय देष अथवा विदेष में किसी महत्वपूर्ण षैक्षणिक अथवा प्रषासनिक दायित्व के पद पर आसीन हो, अधिकतम 5 वर्श हेतु मूल पद पर धारणाधिकार एवं वरिश्ठता बनी रहे एवं वह अन्यत्र नियुक्ति की अवधि में अपने वेतनमान में वेतन वृद्धि प्राप्त कर सके किन्तु ऐसी अवधि की अंषदायी भविश्य निधि लिये गये संस्थान द्वारा उसके पैत्रिक विभाग को प्रदान दी जायेगी ताकि वह सेवानिवृत्ति लाभ परिनियमों के अनुसार, यदि कोई हो, प्राप्त कर सके :

परन्तु यह कि ऐसी नियुक्ति की अवधि में ऐसे शिक्षक को मूल विष्वविद्यालय द्वारा कोई वेतन देय नही होगा।

(5) विष्वविद्यालय या किसी संस्था या सहयुक्त, संघटक अथवा सम्बद्ध महाविद्यालय अथवा स्ववित्त पोशित संस्थान के विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों का वेतन वही होगा, जो राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाय :

परन्तु यह कि स्ववित्त पोशित संस्थान, यदि चाहे तो विहित वेतन से अधिक वेतन और भत्तों का संदाय कर सकते है।

(6) कार्य परिशद्, प्रत्येक वित्तीय वर्श में आर्वतक अथवा अनार्वतक व्यय की सीमा से अधिक व्यय के लिये वित्त समिति द्वारा नियत सीमा से अधिक व्यय उपगत नहीं करेगी।

(7) शैक्षिक परिषद और सम्बद्ध संकायों के बोर्डो के परामर्ष पर विचार किये बिना कार्य षिक्षकों की संख्या, अर्हताओं तथा उपलब्धियों और परीक्षकों को संदेय फीस के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई नहीं करेगी। निर्णयों का क्रियान्वयन राज्य सरकार के अनुमोदन के पश्चात किया जायेगा।

(8) कार्य परिशद् सभा (कोर्ट) के प्रत्येक संकल्प पर सम्यक रूप से विचार करेगी और उस पर ऐसी कार्यवाही करेगी, जिसे वह ठीक समझे और सभा (कोर्ट) को यथास्थित की गयी कार्यवाही या संकल्प स्वीकार न करने के कारणों की जानकारी देगी।

(9) कार्य परिशद् परिनियमों में अधिकथित किन्ही षर्तों के अधीन रहते हुये विष्वविद्यालय के किसी कृत्यकारी या किसी अन्य प्राधिकारी को अथवा अपने द्वारा नियुक्त किसी समिति को, अपनी कोई षक्ति, जिसे वह ठीक समझे, प्रत्यायोजित कर सकेगी।

बैठकों की बारम्बारता, सूचना अवधि तथा गणपूर्ति	27.	(1) सामान्यतया कार्यपरिषद की बैठक न्यूनतम प्रत्येक तीन माह में एक बार होगी तथा कुलसचिव द्वारा प्रत्येक बैठक से कम से कम 15 दिन पूर्व बैठक की सूचना एजेंडा व संलग्नकों सहित दी जायेगी, जब तक अन्यथा प्राविधानित न हो : परन्तु यह कि यदि कुलपति के विचार से कोई अतिमहत्वपूर्ण विषय विचार के लिए उत्पन्न हो गया है जिसके कारण कार्यपरिषद् की आपात बैठक बुलाना आवश्यक हो तो वह केवल तीन दिन की अल्प सूचना पर बैठक बुला सकता है। यह व्यवस्था कतिपय मामलों में अपनायी जायेगी एवं बैठक की सूचना के साथ ही सदस्यों में आपात स्थिति के कारण एवं सूचना के साथ एजेंडा वितरित कर दिया जायेगा। (2) गणपूर्ति के लिए कुल सदस्यों की कम से कम आधी संख्या आवश्यक होगी तथा उस स्थिति में बैठक तथा उसमें लिये गये निर्णय अविधिमान्य न होंगे।
शैक्षिक परिषद्	28.	(1) शैक्षिक परिषद् विश्वविद्यालय की मुख्य शिक्षा निकाय होगी तथा अधिनियम, परिनियमों तथा अध्यादेश के उपबन्धों के अधीन रहते हुए – (क) विश्वविद्यालय में दिये जाने वाले शिक्षण, शिक्षा, और किये जाने वाले अनुसंधान कार्य, जिसमें परामर्श सलाह तथा उद्यमिता विकास अध्ययन आदि से सम्बन्धित सभी प्रकार के नियंत्रण तथा नियमन के लिए उत्तरदायी होगा; (ख) शिक्षा सम्बन्धी सभी विषयों पर, जिनके अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित परीक्षाओं से सम्बन्धित विषय भी हैं, कार्य परिषद् को सलाह दे सकेगी; और (ग) उसकी ऐसी अन्य शक्तियाँ तथा कर्तव्य होंगे, जो उसे परिनियमों द्वारा प्रदत्त हो या उस पर अधिरोपित किया जायें। (2) शैक्षिक परिषद में निम्नलिखित सदस्य होंगे; अर्थात् :– (एक) कुलपति, जो अध्यक्ष तथा संयोजक होगा; (दो) सभी संकायों के अध्यक्ष, यदि कोई हो; (तीन) विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष और यदि विश्वविद्यालय में किसी विषय में कोई विभाग न हो तो सम्बद्ध संकाय में उक्त विषय का प्रतिनिधित्व करने वाला सम्बद्ध महाविद्यालयों या स्ववित्त पोषित संस्थान से ज्येष्ठतम शिक्षक; (चार) विश्वविद्यालय के ऐसे सभी आचार्य, जो विभागाध्यक्ष न हो; (पांच) सम्बद्ध महाविद्यालयों के तीन प्राचार्य, जो विहित रीति से चक्रानुक्रम से चुने जायेंगे; (छः) विहित रीति से चुने गये दस शिक्षक; (सात) विश्वविद्यालय का पुस्तकालयाध्यक्ष; (आठ) शिक्षा क्षेत्र में प्रख्यात तीन व्यक्ति, जो विहित रीति से सहयोजित किये जायेंगे; (नौ) पदेन परीक्षा नियंत्रक। (3) पदेन सदस्यों के भिन्न सदस्यों की पदावधि वही होगीए जो विहित की जाय। (4) षैक्षिक परिषद की बैठक प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में न्यूनतम एक बार होगी। (5) शैक्षिक परिशद के अन्य कृत्य ऐसे होंगे, जैसा विहित किया जाय।
वित्त समिति	29.	(1) वित्त समिति में निम्नलिखित होंगे; अर्थात् :– (क) कुलपति; (ख) राज्य सरकार में उच्च षिक्षा विभाग का प्रमुख सचिव/सचिव अथवा उसके द्वारा नामित अधिकारी, जो अपर सचिव स्तर से अनिम्न न हो; (ग) राज्य सरकार मे वित्त विभाग के प्रमुख सचिव/ सचिव अथवा उसके द्वारा नामित

		अधिकारी, जो अपर सचिव से न्यून पद का न हो; (घ) कुलसचिव; (ड़) कार्यपरिशद् का प्रतिनिधित्व करने के लिए कार्यपरिशद् द्वारा मनोनीत एक ऐसा व्यक्ति, जिसे वित्तीय मामलों का गहन अनुभव हो। निर्वाचित किया जाने वाला व्यक्ति विष्वविद्यालय या किसी सम्बद्ध महाविद्यालय, स्ववित्त पोशित संस्थान या सहयुक्त महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति का सदस्य या ऐसे महाविद्यालय की सेवा करने वाला व्यक्ति न हो; (च) राज्य सरकार द्वारा नामित एक व्यक्ति, जो वित्तीय एवं या षैक्षणिक क्षेत्र में ख्याति प्राप्त हो; (छ) परीक्षा नियंत्रक; (ज) वित्त अधिकारी, जो समिति का सचिव भी होगा। (2) वित्त समिति, कार्यपरिशद् को विष्वविद्यालय की सम्पत्ति तथा निधियों के प्रषासन से सम्बद्ध विशयों पर सलाह देगी। वह विष्वविद्यालय की आय तथा साधनों को ध्यान में रखते हुए अनुवर्ती वित्तीय वर्श के लिए कुल आर्वतक तथा अनार्वतक व्यय की सीमा नियत करेगी और किसी विषेश कारणों से, वित्तीय वर्श के दौरान इस प्रकार ऐसी नियत व्यय की सीमा को पुनरीक्षित कर सकेगी और इस प्रकार ऐसी नियत सीमा कार्यपरिशद पर आवद्धकर होगी : परन्तु यह कि इस उपधारा के प्राविधान धारा 12 की उपधारा (7) के अधीन कुलपति को प्राप्त षक्तियों पर लागू नही होंगे एवं किये गये अतिरिक्त खर्चो की पूर्तिए बजट की अन्य मद में बचत कर, की जायेगी। (3) वित्त समिति की ऐसे अन्य षक्तियाँ तथा कर्तव्य होगे जो इस अधिनियम या परिनियमों द्वारा उसे प्रदत्त हों अथवा उस पर अधिरोपित किये जाये। (4) जब तक वित्तीय प्रभाव वाले उस प्रस्ताव कोए वित्त समिति द्वारा संस्तुत न कर दिया जाये, कार्य परिशद् उस पर निर्णय नहीं करेगी और यदि कार्य परिशद् वित्त समिति की संस्तुतियों से असहमत हो तोए उस प्रस्ताव को असहमति के कारण सहित वित्त समिति को वापस लौटाएगी एवं यदि कार्यपरिशद, पुनः वित्त समिति की संस्तुति से असहमत हों तो प्रकरण निर्णय हेतु षासन को संदर्भित किया जायेगा, जिसका निर्णय अन्तिम होगा।
परीक्षा समिति	30.	(1) विष्वविद्यालय में एक परीक्षा समिति होगी जो परिनियमों में यथाउपबन्धित रूप में गठित की जायेगी। (2) समिति, साधारणतया विष्वविद्यालय की सभी परीक्षाओं का, जिसके अंतर्गत अनुसीमन तथा सारणीकरण भी है, पर्यवेक्षण करेगी और निम्नलिखित अन्य कृत्यों का पालन करेगी; अर्थात् :– (क) परीक्षकों तथा अनुसीमकों को नियुक्त करना तथा यदि आवष्यक हो तो उन्हें हटाना; (ख) विष्वविद्यालयों की परीक्षाओं के परिणामों का समय–समय पर पुनर्विलोकन करना और उसके बारे में षिक्षा परिशद को रिपोर्ट प्रस्तुत करना; (ग) परीक्षा पद्धति में सुधार के लिए शैक्षिक परिशद को संस्तुतियाँ करना; (घ) अध्ययन परिशदों द्वारा प्रस्थापित परीक्षकों की सूची की संवीक्षा करना, और उन्हें अंतिम रूप प्रदान करना। (3) परीक्षा समिति उतनी उप–समितियाँ नियुक्त कर सकेगीए जितनी वह उचित समझे और विशिष्टतया किसी एक या अधिक व्यक्तियों या उप–समितियों को परीक्षार्थियों द्वारा अनुचित साधनों का प्रयोग करने से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में कार्यवाही करने और उन पर विनिष्चय करने की षक्ति प्रत्यायोजित कर सकेगी। (4) इस अधिनियम में किसी बात के होते हुए भीए परीक्षा समिति या यथास्थितिए उप समिति या किसी व्यक्ति को, जिसे उपधारा (3) के अधीन इस निमित्त परीक्षा समिति ने अपने अधिकारों

			का प्रतिनिधायन किया हो, किसी परीक्षार्थी को विष्वविद्यालय की आगे की परीक्षाओं से वर्जित करने की शक्ति होगी, यदि उसकी राय में ऐसा परीक्षार्थी ऐसी किसी परीक्षा में अनुचित साधन उपयोग करने का दोशी हैं।
अन्य प्राधिकारी	31.		विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारियों का गठन उनकी शक्तियाँ तथा कर्त्तव्य वहीं होंगे, जो विहित किये जाए।
			अध्याय – 5 निरीक्षण और जाँच
निरीक्षण / भ्रमण	32.	(1)	राज्य सरकार को किसी ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा, जिसे वह निर्देष दे, किसी महाविद्यालय तथा स्व वित्त पोशित संस्थान, जिसमें उसके भवन, पुस्तकालय, प्रयोगषालाएं, कार्यषालाएं और उपस्कर भी सम्मिलित है; में परीक्षाओं, अध्यापन तथा अन्य कार्य का निरीक्षण कराने अथवा इसी प्रकार विष्वविद्यालय या उससे सम्बद्ध और सहयुक्त महाविद्यालयों, संस्थानों या स्ववित्त पोशित संस्थानों के प्रषासन या वित्त सम्बन्धी किसी विशय के संबंध में जांच करने का अधिकार होगा।
		(2)	जहाँ राज्य सरकार उपधारा (1) के अधीन कोई निरीक्षण या जाँच कराने का विनिष्चय करेए तो वहए उसकी सूचना महाविद्यालय के प्रबन्ध तंत्र को देगी और प्रबन्ध तंत्र द्वारा नियुक्त एक प्रतिनिधि तथा यदि प्रबन्ध तंत्र कोई प्रतिनिधि नियुक्त करने में असफल रहे तो महाविद्यालय का प्राचार्य ऐसे निरीक्षण या जाँच के समय उपस्थित हो सकता है और उसे प्रबन्धतंत्र की ओर से सुनवाई का अधिकार होगा, किन्तु ऐसे निरीक्षण या जांच के समय महाविद्यालय/संस्थान की ओर से कोई विधि व्यवसायी न तो उपस्थित होगा, न वकालत करेगा।
		(3)	उपधारा (1) के अधीन निरीक्षण या जांच करने के लिए नियुक्त व्यक्ति या व्यक्तियों को, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अधीन, किसी वाद पर विचार करते समय षपथ पर साक्ष्य लेने और साक्षियों को उपस्थित होने तथा दस्तावेजों और सारवान वस्तुओं को प्रस्तुत करने के लिए बाध्य करने के प्रयोजनार्थ, सिविल न्यायालय की सभी षक्तियां प्राप्त होगी और ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों को दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 345 तथा 346 के अर्थान्तर्गत सिविल न्यायालय समझा जायेगा और उसके या उनके समक्ष कोई भी कार्यवाही, न्यायिक कार्यवाही समझी जायेगी।
		(4)	राज्य सरकार महाविद्यालय के प्रबंध तंत्र को ऐसे निरीक्षण या जाँच का परिणाम सूचित कर सकेगी और की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में निर्देषों का तत्काल अनुपालन करेगी।
		(5)	राज्य सरकार उपधारा (4) के अधीन प्रबंध तंत्र को दी गयी सूचना के बारे में कुलपति को जानकारी देगी और कुलपति कार्य परिशद को राज्य सरकार के दृश्टिकोण और उस पर की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सलाह से सूचित करेगा।

		(6) तत्पष्चात् कुलपति ऐसे समय के अन्दर जैसा राज्य सरकार निर्धारित करे, उस कार्य परिशद द्वारा की गई या की जाने वाली कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। (7) यदि विष्वविद्यालय के प्राधिकारी युक्तियुक्त समय के अंदर राज्य सरकार के समाधान के रूप में कार्यवाही नहीं करते है, तो राज्य सरकार ऐसे किसी स्पश्टीकरण पर, जिसे विष्वविद्यालय के प्राधिकारी प्रस्तुत करें, विचार करने के पष्चात् ऐसे निर्देष दे सकती है, जैसा वह उचित समझे और विष्वविद्यालय के प्राधिकारी ऐसे निर्देष से बाध्य होंगे।
		अध्याय–6 सम्बद्धता
सम्बद्धता	33.	(1) कार्य परिशद्, कुलाधिपति की पूर्व स्वीकृति से, सम्बद्धता की ऐसी षर्तो, जो विहित की जाय, पूरा करने वाले महाविद्यालय की संबद्धता का विषेशाधिकार प्रदान कर सकेगी या पहले से ही सम्बद्ध किसी महाविद्यालय के विषेशाधिकारों को बढ़ा सकेगी या उसे वापस ले सकेगी या उसमें कमी कर सकेगी। (2) किसी महाविद्यालय के लिए उसी स्थानीय क्षेत्र में स्थित किसी अन्य विद्यालय या विष्वविद्यालय से अध्यापन या अनुसंधान कार्य में सहयोग प्राप्त करने की व्यवस्था करना विधिपूर्ण होगा। (3) इस अधिनियम द्वारा, यथा उपबंधित के सिवाय किसी महाविद्यालय का प्रबंधतंत्र महाविद्यालय के कार्यकलापों का प्रबन्ध नियंत्रित करने के लिए स्वतंत्र होगा और उसके पोशण तथा रख–रखाव के लिए उत्तरदायी होगा और उसका प्राचार्य उसके छात्रों में अनुषासन बनाये रखने तथा उसके कर्मचारीवृन्द पर अधीक्षण तथा नियंत्रण के लिए उत्तरदायी होग। (4) प्रत्येक महाविद्यालय ऐसी रिपोर्ट, विवरणियाँ तथा अन्य विषिश्टियाँ प्रस्तुत करेगा, जिन्हें कार्य परिशद् या कुलपति मांगे। (5) कार्य परिशद् प्रत्येक महाविद्यालय का अपने द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत एक या एकाधिक व्यक्तियों से समय–समय पर पांच वर्श से अनधिक अंतरालों पर निरीक्षण करायेगी और निरीक्षण की रिपोर्ट कार्य परिशद् को भेजी जायेगी। (6) कार्य परिशद् इस प्रकार निरीक्षित किसी महाविद्यालय को ऐसी अवधि के भीतर, जो विनिर्दिश्ट की जाय ऐसी कार्यवाही करने के लिए निर्देष दे सकेगी, जो उसे आवष्यक प्रतीत हो। (7) कार्यपरिशद् द्वारा किसी ऐसे महाविद्यालय की सम्बद्धता का विषेशाधिकार, जो उपधारा (7) के अधीन कार्य परिशद के किसी निर्देष का अनुपालन करने में या सम्बद्धता की षर्तो को पूरा करने में असफल हो, महाविद्यालय के प्रबंध तंत्र से उस विशय पर रिपोर्ट लेने के बाद राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से विनियमों के उपबंधों के अनुसार वापस लिया जा सकेगा या न्यून किया जा सकेगा। (8) उपधारा (2) और (7) में किसी बात के होते हुए भी, यदि किसी महाविद्यालय का प्रबंधतंत्र संबद्धता की षर्तो को पूरा करने में असफल रहा है तो राज्य सरकार, प्रबंध तंत्र और कुलपति से रिपोर्ट प्राप्त करने के पष्चात् सम्बद्धता के विषेशाधिकार को वापस ले सकेगी या उसमें कमी कर सकेगी।
प्रबन्ध तंत्र की सदस्यता के लिए अनर्हता	34.	कोई भी व्यक्ति, केवल राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकारी द्वारा पोशित महाविद्यालय से भिन्न किसी महाविद्यालय के प्रबन्ध तंत्र का सदस्य चुने जाने या बने रहने के लिए अनर्ह होगा, यदि वह या उसका नातेदार ऐसे महाविद्यालय में या उसके निमित्त किसी काम के लिए कोई पारिश्रमिक या ऐसे महाविद्यालय को माल का प्रदाय करने के लिए या उसके निमित्त किसी कार्य का निश्पादन करने के लिए कोई संविदा स्वीकार करता है।

		अध्याय–7 परिनियम, अधिनियम और विनियम
परिनियम	35.	(1) इस अधिनियम के उपबन्धों के अध्यधीन निम्नलिखित सभी या किसी विशय के लिए परिनियमों में व्यवस्था की जा सकेगी; अर्थात् :– (क) विष्वविद्यालय के प्राधिकारियों और अन्य निकायों की संरचना, षक्तियाँ और कर्तव्य ऐसे प्राधिकारियों की सदस्यता के लिए अर्हताऐं और निरर्हताएं और ऐसे प्राधिकारियों अन्य निकायों की सदस्यता के लिए अर्हताये और निरर्हतायें उसके सदस्यों की नियुक्ति और पद से हटाया जाना तथा उससे संबद्ध अन्य मामले; (ख) विष्वविद्यालय के अधिकारियों की नियुक्ति, षक्तियाँ और कर्तव्य; (ग) विष्वविद्यालय के कर्मचारियों की नियुक्ति, सेवा की निबन्धन और षर्ते तथा उनकी षक्तियाँ और कर्तव्य; (घ) ऐसे निबन्धन और षर्ते, जिनके अधीन संस्थाऐं विष्वविद्यालय से सहयोजित की जा सकेगी; (ङ) विष्वविद्यालय का प्रषासन, महाविद्यालयों और संस्थाओं की स्थापना और उनका उत्सादन, महाविद्यालयों को संबद्धता प्रदान करना और उसका प्रत्यारण, संस्थाओं को अध्येतावृत्तियां और पुरस्कार प्रदान करना तथा इसी प्रकार के अन्य कार्य, उपाधियॉ और अन्य षैक्षणिक विषिश्टतायें प्रदान करना तथा प्रमाण पत्र और डिप्लोमा प्रदान करना; (च) विष्वविद्यालय के प्राधिकारियों की बैठकों के संचालन के लिए प्रक्रिया; (छ) विष्वविद्यालय के कोई अन्य विशय, जो कि विष्वविद्यालय के समुचित और प्रभावी प्रबन्धन तथा कार्यो के संचालन के लिए आवष्यक हो और जिसके लिए इस अधिनियम द्वारा या परिनियमों द्वारा उपबन्ध किया जाना है या किया जा सकेगा। (2) प्रथम परिनियम राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचना द्वारा बनाए जायेंगे। (3) कार्य परिशद् समय–समय पर इस धारा के परन्तुक में विहित रीति से नये या अतिरिक्त परिनियम बना सकेगी या परिनियमों में या संषोधन या उनका निरसन कर सकेगी : परन्तु यह कि कार्य परिशद विष्वविद्यालय के किसी विद्यमान प्राधिकारी की प्रास्थिति, षक्तियां या गठन पर प्रभाव डालने वाले कोई परिनियम तब तक नहीं बनायेगी या उसमें कार्य परिशद द्वारा उस पर कोई संषोधन नहीं करेगी जब तक कि ऐसे प्राधिकारी को उस प्रस्ताव पर अपनी राय व्यक्त करने का अवसर न दे दिया गया हो और इस प्रकार अभिव्यक्त राय लिखित रूप में होगी और कार्य परिशद् द्वारा उस पर विचार किया जायेगा : परन्तु यह और कि कार्य परिशद् छात्रों के अनुषासन और अनुदेष षिक्षा के मानकों तथा परीक्षा पर प्रभाव डालने वाला कोई परिनियम षैक्षिक परिशद से परामर्ष करने के पष्चात् ही बनायेगी अन्यथा नहीं। (4) प्रत्येक नये परिनियम या परिनियमों में परिवर्धन या निरसन के लिए कुलाधिपति का अनुमोदन अपेक्षित होगा, जो उसमें अनुमति दे सकेगा या अनुमति रोक सकेगाा या कार्य परिशद के विचारार्थ परिनियम में संषोधन या अनुमति लौटा सकेगा। (5) किसी नये परिनियम या किसी विद्यमान परिनियम का संषोधन या निरसन की तब तक कोई वैधता नहीं होगी जब तक कि कुलाधिपति उस पर अनुमोदन न दे दें। (6) पूर्वगामी उपधाराओं में किसी अन्य बात के होते हुए भी, राज्य सरकारए राज्य या राश्ट्रीय षिक्षा नीति के हित में या विष्वविद्यालय अनुदान आयोग की सलाह/संस्तुतियों के आधार पर, कुलाधिपति के अनुमोदन सेए नये या अतिरिक्त परिनियम बना सकेगी या पहले से प्रवृत्त परिनियमों को संषोधित या निरसित कर सकेगी।

अध्यादेष	36.	(1)	इस अधिनियम और परिनियमों के उपबन्धों के अध्यधीन निम्न सभी या किसी मामले में प्रथम अध्यादेष द्वारा उपबन्ध कर सकेंगे; अर्थात् :– (क) छात्रों के प्रवेष, शोध छात्रों के प्रवेश, अध्ययन, पाठ्यक्रम और उनके लिए फीस, उपाधियों, डिप्लोमाओं, प्रमाणपत्रों तथा अन्य षैक्षिक विषिश्टियों से संबधित अर्हतायें, अध्येतावृतियां, पुरस्कार इत्यादि दिये जाने के लिए षर्ते; (ख) परीक्षाओं का संचालन, परीक्षकों की पदावधि और नियुक्ति सहित और छात्रों के निवास की षर्ते तथा उनका सामान्य अनुषासन; (ग) महाविद्यालयों का प्रबन्धन और विष्वविद्यालय से संबद्ध या उनके द्वारा पोशित संस्थाओं का परिरक्षण; (घ) अन्य कोई मामले, जो कि इस अधिनियम या परिनियमों में उपबन्धित किये जाने है या अध्यादेषों द्वारा उपबन्धित किये जा सकेंगे।
		(2)	प्रथम अध्यादेष सरकार की पूर्व अनुमति से कुलपति द्वारा बनाये जायेंगे और इस प्रकार बनाये गये अधिनियम कार्य परिशद द्वारा किसी समय परिनियमों में विहित रीति से संषोधित, निरसित या परिवर्धित किए जा सकेंगे।
विनियम	37.		विष्वविद्यालय अपने और उसके द्वारा समितियों के कारबार के संचालन के लिए इस अधिनियम, परिनियमों एवं अधिनियमों से संगत अषों, जिनके लिए इस विधेयक, परिनियमों या अधिनियमों में, जो उपबन्धित नहीं किया गया है, परिनियमों में विहित रीति से विनियम बना सकेगा।
			अध्याय–8 वार्शिक प्रतिवेदन और लेखा
वार्शिक प्रतिवेदन	38.	(1)	विष्वविद्यालय का वार्शिक प्रतिवेदन कार्य परिशद् के निर्देषों के अधीन तैयार किया जाएगा, जिसके अन्तर्गत अन्य विशयों के अतिरिक्त विष्वविद्यालय द्वारा उसके उद्देष्यों की पूर्ति की दिषा में किये गये उपाय होंगे।
		(2)	इस प्रकार तैयार किया गया वार्शिक प्रतिवेदन कुलाधिपति को ऐसे दिनाँक को या उसके पूर्व प्रस्तुत किया जायेगाए जो विहित किया जाय।
लेखा और लेखा–परीक्षा	39.	(1)	विष्वविद्यालय के वार्शिक लेखे और तुलन–पत्र कार्य परिशद् के निर्देषों के अध्यधीन तैयार किये जायेंगे और निदेषक स्थानीय निधि लेखा, उत्तराखण्ड या ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा, जिसे राज्य सरकार इस निमित्त प्राधिकृत करे, प्रत्येक वर्श में कम से कम एक बार और पंद्रह माह से अनधिक के अंतरालों पर उनकी लेखा–परीक्षा की जायेगी।
		(2)	वार्शिक लेखा ओर तुलन–पत्र की एक प्रति उस पर लेखा परीक्षा के प्रतिवेदन सहित राज्य सरकार को कार्य परिशद् के संप्रक्षणों, यदि कोई हो, के साथ प्रत्येक वर्श 30 सितम्बर के पूर्व प्रस्तुत की जायेगी।
		(3)	वार्शिक लेखाओं पर राज्य सरकार द्वारा किये गये संप्रेक्षण कार्य परिशद् के ध्यान में लाये जायेगे। ऐसे संप्रेक्षणों पर कार्य परिशद के विचार, यदि कोई होए राज्य सरकार को प्रस्तुत किये जायेंगे।
अधिभार	40.	(1)	जब कभी राज्य सरकार को विष्वविद्यालय के किसी धन या संपत्ति की हानि, दुर्व्यय या दुरूपयोजन के संबंध में कोई षिकायत प्राप्त हो या राज्य सरकार स्वयं उपयुक्त समझे, तो वह निदेषक, स्थानीय निधि लेखा, उत्तराखण्ड या उसके किसी अधीनस्थ अधिकारी द्वारा विष्वविद्यालय को विषेश लेखा परीक्षा किये जाने का निर्देष दे सकेगी।
		(2)	विषेश लेखा परीक्षा प्रतिवेदन प्राप्त हो जाने पर राज्य सरकार विष्वविद्यालय के उस अधिकारी को, जिसकी उपेक्षा या आचरण के कारण उपधारा (1) में निर्दिश्ट हानि, दुर्व्यय या

		दुरूपयोजन हुआ है, एक नोटिस जारी करके उससे यह अपेक्षा करेगी कि वह राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त नियत समय के भीतर अपने कृत कार्य को स्पश्ट करें। (3) राज्य सरकार लेखा परीक्षा प्रतिवेदन और उपधारा (2) में निर्दिश्ट अधिकारी के उत्तर पर विचार करने के पष्चात् इस निमित्त उपयुक्त विनिष्चय कर सकेगी। (4) यदि राज्य सरकार की यह राय हो कि अधिकारी को राज्य सरकार द्वारा अवधारित अधिभार का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी ठहराया जायए तो अधिभार भू–राजस्व के बकाये के रूप में या ऐसी अन्य रीति सेए जैसा राज्य सरकार द्वारा निर्देषित किया जायए वसूल किया जायेगा।
		अध्याय–9 विविध
प्राधिकारियों के अधिकारियों और सदस्यों को नियुक्ति करने की रीति	41.	(1) इस अधिनियम या विनियमों द्वारा अभिव्यक्त रूप से यथा उपबंधित के सिवाय, अधिकारियों और प्राधिकारियों में से सदस्य यथासम्भव निर्वाचन से भिन्न रीति से चुने जायेंगे। (2) यदि इस अधिनियम या विनियमों में चक्रानुक्रम से या ज्येश्ठता या अन्य अर्हताओं के अनुसार किसी नियुक्ति के लिए कोई प्राविधान किया गया हो तो चक्रानुक्रम और ज्येश्ठता और अन्य अर्हताऐं अवधारित करने की रीति वही होगी, जो विहित की जाय।
आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति	42.	(1) विष्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी या निकाय के पदेन सदस्यों से भिन्न सदस्यों की किसी आकस्मिक रिक्ति की पूर्ति उसी रीति से की जायेगी, जिस रीति से वह सदस्य जिसकी रिक्ति की पूर्ति करनी हो, चुना गया हो और रिक्ति की पूर्ति करने वाला व्यक्ति ऐसे प्राधिकारी या निकाय का सदस्य उस षेश अवधि के लिए होगा जिसके लिए वह व्यक्ति, जिसका स्थान वह भरता है, सदस्य बना रहता। (2) कोई व्यक्ति, जो किसी अन्य निकाय के प्रतिनिधि के रूप में विष्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी का सदस्य हो चाहे वह निकाय विष्वविद्यालय का हो या बाहरी, तब तक ऐसा प्राधिकारी अपने पद पर रहेगा जब तक कि वह ऐसे निकाय का प्रतिनिधि बना रहे।
रिक्तियों आदि के कारण कार्यवाहियों का अविधिमान्य न होना	43.	विष्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी या निकाय या समिति का कोई कार्य या कार्यवाही केवल इस कारण अविधिमान्य न होगी किः– (क) उसमें कोई रिक्ति या उसके गठन में कोई त्रुटि थी; या (ख) कार्यवाही में किसी ऐसे व्यक्ति ने भाग लिया है जो ऐसा करने का हकदार नहीं था; या (ग) उसके सदस्य के रूप में कार्य करने वाले किसी व्यक्ति के निर्वाचन, नाम–निर्देषन या नियुक्ति में कोई त्रुटि थी; या (घ) उसकी कार्यवाही में कोई ऐसी अनियमितता थी जिससे मामले के गुणावगुण पर कोई प्रभाव पड़ता हो।
विश्वविद्यालय की सदस्यता से हटाया जाना	44.	कार्य परिशद् उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के दो तिहाई बहुमत से किसी व्यक्ति को विष्वविद्यालय के किसी प्राधिकार या अन्य निकाय की सदस्यता से इस आधार पर कि ऐसा व्यक्ति नैतिक अधमता संबंधित अपराध हो या इस आधार पर की वह कलंकात्मक आचरण का दोशी है या उसने इस प्रकार व्यवहार किया है कि जो विष्वविद्यालय के सदस्य के लिए अषोभनीय हो, हटा सकेगी और उन्हीं आधारों पर किसी व्यक्ति से विष्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त या स्वीकृत कोई उपाधि, डिप्लोमा या प्रमाण–पत्र वापस ले सकेगी।

कुलाधिपति को संदर्भ	45.	यदि कोई ऐसा प्रष्न उठे कि कोई व्यक्ति विष्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी या अन्य निकाय का सम्यक् रूप से निर्वाचित या नियुक्ति सदस्य या उसका सदस्य होने का हकदार है या नहीं या विष्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी या अधिकारी का कोई विनिष्चय (जिसके अन्तर्गत विनियम की विधिमान्यता से संबंधित कोई प्रष्न भी है) इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये विनियमों के अनुरूप है या नहीं, तो उक्त विशय कुलाधिपति को निर्दिश्ट किया जायेगा और कुलाधिपति का उस पर विनिष्चय अन्तिम होगा।
वाद का वर्जन	46.	राज्य सरकार या विष्वविद्यालय या किसी अधिकारी, प्राधिकारी या निकाय के विरूद्ध इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये विनियमों के अनुसरण में किये गये या किये जाने के तात्पर्य या आषय से किसी कार्य के लिए न कोई वाद प्रस्तुत किया जा सकेगा, न कोई अन्य विधिक कार्यवाही की जा सकेगी।
विश्वविद्यालय के अभिलेखों को सिद्ध करने की रीति	47.	(1) विष्वविद्यालय के कब्जे में विष्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी या समिति की किसी रसीद, आवदेन, सूचना, आदेष, कार्यवाही या संकल्प या अन्य दस्तावेज या विष्वविद्यालय द्वार सम्यक् रूप से अनुरक्षित किसी रजिस्टर की किसी प्रविश्टि की प्रति यदि कुल सचिव द्वारा प्रमाणित हो तो उसे ऐसी रसीद, आवेदन, सूचना, आदेष कार्यवाही, संकल्प या दस्तावेज के या रजिस्टर में प्रविश्ट होने के प्रथम दृश्टया साक्ष्य के रूप में ग्रहण किया जायेगा और उसमें अभिलिखित विशय और व्यवहार के लिए साक्ष्य के रूप में उसी प्रकार ग्रहण किया जायेगा जैसा कि यदि मूल प्रति प्रस्तुत की गयी होती, तो साक्ष्य के रूप में ग्राहय होती। (2) विष्वविद्यालय के किसी अधिकारी या सेवक से किसी ऐसी कार्यवाही में, जिसमें विष्वविद्यालय एक पक्ष न हो, विष्वविद्यालय का कोई ऐसा दस्तावेजए रजिस्टर या अन्य अभिलेख की अन्तर्वस्तुएं उपधारा (1) के अधीन प्रमाणित प्रति द्वारा सिद्ध करने के लिए साक्षी के रूप में उपस्थित होने की तब तक अपेक्षा नहीं की जायेगी जब तक कि न्यायालय विषेश कारण से आदेष न दे।
अपील करने का अधिकार	48.	इस अधिनियम में किसी बात के होते हुए भी, विष्वविद्यालय अथवा संघटक महाविद्यालय अथवा सम्बद्ध महाविद्यालय के प्रत्येक कर्मचारी अथवा छात्र को विष्वविद्यालय या सम्बद्ध महाविद्यालय के किसी विनिष्चय के विरूद्ध विर्निदिश्ट समय के अन्दर कार्यपरिशद को अपील करने का अधिकार होगा तथा तत्पष्चात् कार्य परिशद् उस विनिष्चय की, जिसके विरूद्ध अपील की गयी है, पुश्टि कर सकती है, उसमें संवर्धन कर सकती है अथवा उसको बदल सकती है।
कठिनाईयाँ दूर करने की षक्ति	49.	(1) राज्य सरकार किसी कठिनाई को दूर करने के प्रयोजनार्थ अधिसूचित आदेष द्वारा यह निर्देष दे सकेगी कि इस अधिनियम के उपबंध ऐसी अवधि मेंए जो आदेष रहते हुए चाहे वे परिश्कार, परिवर्धन या लाभ के रूप में हो जिन्हें वह आवष्यक या समीचीन समझे, प्रभावी होंगे। (2) उपधारा (1) के अधीन कोई आदेष इस अधिनियम के प्रारम्भ के दिनाँक से दो वर्श की अवधि के समाप्ति के पष्चात् नहीं किया जायेगा। (3) उपधारा (1) के अधीन किया गया प्रत्येक आदेष राज्य विधान सभा के समक्ष रखा जायेगा। (4) उपधारा (1) के अधीन किसी आदेष पर किसी न्यायालय में इस आधार पर आपत्ति नही की जायेगी कि उपधारा (1) में निर्दिश्ट कठिनाई विद्यमान नहीं थी या उसको दूर करना अपेक्षित नहीं था।